भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा नव-नियुक्त सहायक कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन (दिनांक: 20-06-2025)

नव नियुक्त सहायक कर्मचारियों के लिए चल रही क्षमता निर्माण पहल के अंतर्गत, भा.कृ.अनु.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के मॉड्यूल-द्वितीय का आयोजन 16 से 20 जून, 2025 तक आईएआरआई परिसर स्थित वायरोलॉजी ऑडिटोरियम में किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को सरकार तथा भा.कृ.अनु.प. की प्रशासनिक संरचना, नियमों एवं दिशानिर्देशों के प्रमुख पहलुओं से परिचित कराना था, ताकि वे प्रस्तावों का प्रभावी रूप से निष्पादन कर सकें तथा अपने कर्तव्यों का निष्पादन दक्षता, योग्यता एवं नियमबद्ध तरीके से कर सकें।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक16 जून, 2025 को भा.कृ.अनु.सं.–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. सीएच. श्रीनिवास राव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. राव ने भा.कृ.अनु.प. की प्रशासनिक संरचना में सहायक कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया तथा यह उल्लेख किया कि उनकी दक्षता एवं प्रतिबद्धता सीधे तौर पर भा.कृ.अनु.प. प्रणाली को सुदृढ़ करने और वैज्ञानिक अनुसंधान पहलों को समर्थन प्रदान करने में सहायक होती है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आईएआरआई के कुल 33 नव नियुक्त सहायक कर्मचारियों ने भाग लिया। पाँच दिवसीय इस कार्यक्रम के दौरान 18 वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा 23 व्याख्यान सत्र आयोजित किए गए, जोकि भाकृअनुप तथा भाकृअनुसं तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों से आए थे। इन विशेषज्ञों ने प्रशासन, वित्त एवं शासन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विस्तृत अनुभव और मूल्यवान विचार साझा किए, जो सहायक कर्मचारियों के व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रशिक्षण में अनेक महत्वपूर्ण प्रशासनिक विषयों को शामिल किया गया, जिनमें संस्थान में सफलता एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण, आईसीटी उपकरणों का परिचय, वैज्ञानिकों, प्रशासनिक कर्मचारियों एवं तकनीकी कर्मचारियों से संबंधित सेवा विषय, सामान्य वित्तीय नियम (GFR) तथा कार्यों एवं वस्तुओं की खरीद प्रक्रिया, केंद्रीय सिविल सेवा अवकाश नियम (CCS Leave Rules), आचरण नियम (CCS Conduct Rules), अनुशासनात्मक कार्यवाही, पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभ, भारत सरकार एवं भा.कृ.अनु.प. में आरटीआई और शिकायत निवारण तंत्र तथा नकद और बिल प्रसंस्करण से संबंधित विषय सम्मिलित थे।

दिनांक 20 जून, 2025 को समापन सत्र आयोजित किया गया, जो कार्यक्रम के सफल समापन का प्रतीक है। नव नियुक्त सहायक प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साह एवं संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण ने न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं की उनकी समझ को गहराई प्रदान की, बल्कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में आत्मविश्वास भी बढ़ाया।

यह कार्यक्रम भारत की प्रमुख कृषि अनुसंधान प्रणाली को सहायता प्रदान करने में सक्षम कुशल एवं सुविज्ञ प्रशासनिक कार्यबल के निर्माण के लिए भाकृअनुप-भाकृअनुसं की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

डॉ. सीएच. श्रीनिवास राव, निदेशक, भा.कृ.अनु.सं.–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के मार्गदर्शन में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन कार्यक्रम समन्वयक श्री अजय कुमार सोनी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, भा.कृ.अनु.सं. द्वारा किया गया।

(स्रोत: भा.कृ.अनु.सं. –भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली)